खैरथल में 16 वीरांगनाओं का कलेक्टर ने किया सम्मान

खैरथल। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सभागार में सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर किशोर कुमार रहे तथा विशिष्ट अतिथि एडीएम शिवपाल जाट, और जिला सैनिक बोर्ड अलवर के सूबेदार अमर सिंह थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खैरथल तहसील अध्यक्ष कैप्टन गिर्राज प्रसाद गुर्जर ने की।कार्यक्रम में भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ जनरल केएम करिअप्पा के जीवन और उनके महान कार्यों पर चर्चा की गई। उनकी स्मृति में इस दिन को सभी भूतपूर्व सैनिकों को समर्पित किया गया, जिन्होंने अपने सेवाकाल में राष्ट्र के लिए अद्वितीय योगदान दिया।

इस अवसर पर 16 वीरांगनाओं को जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने सम्मानित किया। सबसे वृद्ध सैनिक हवलदार कन्हैयालाल, 1971 के युद्ध में दिव्यांग हुए सिपाही शीशराम, और कमांडो ऑपरेशन में दिव्यांग हुए सिपाही करण सिंह गुर्जर को विशेष सम्मान दिया गया।

खैरथल में सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वीरांगनाओं को सम्मानित करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार ।

करण सिंह को शिक्षा विभाग में उनकी उपलब्धियों, जैसे 100 प्रतिशत परिणाम और बोर्ड मेरिट में छात्रों को प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिकों की ओर से जिला हेडक्वार्टर पर ईसीएच अस्पताल, कैंटीन, शहीद स्मारक के लिए भूमि आवंटन, और स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले सैनिकों को सम्मानित करने की मांग रखी। सैनिकों की ओर से रखी गई मांग पर जिला कलेक्टर ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

- **पूर्व सैनिकों ने जिला मुख्यालय पर ईसीएच अस्पताल शहीद स्मारक के लिए भूमि आवंटन, स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले सैनिकों को सम्मानित करने की मांग रखी**

कार्यक्रम में सूबेदार मोहन सिंह, कैप्टन हजारी लाल, सूबेदार रमेश मुच्छड़, कैप्टन रामावतार, कैप्टन दुलीचंद, सूबेदार रामनिवास शर्मा, हवलदार पुष्पेंद्र चौधरी, सूबेदार शेर सिंह सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सिपाही करण सिंह गुर्जर और हवलदार पुष्पेंद्र चौधरी ने किया।

सात संदिग्ध गिरफ्तार

पावटा। जिला कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुए बताया कि बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा हेतु कालिका पेट्रोलिंग अभियान शुरू किया गया है। जिसकी पालना हेतु कोटपूतली बहरोड जिले में भी थाना स्तर पर कालिका पुलिस पेट्रोलिंग यूनिट का गठन किया गया है। इलाका थाना बानसूर में गठित कालिका पुलिस पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा कॉलेज, स्कूल, मुख्य बाजार में बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा हेतु लगातार निगरानी की जा रही थी। जिस पर सोमवार को कालिका पुलिस पेट्रोलिंग यूनिट व पुलिस थाना बानसूर टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए होटलो व गेस्ट हाउसो पर कार्रवाई करते हुए बालिकाओं के साथ संदिग्ध परिस्थिति में पाए गए कुल सात युवकों के खिलाफ इंसदादी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। वहीं आमजन से भी अपील की है कि यदि किसी बालिका या महिला के साथ छेड़खानी करने या रास्ते चलते फब्तियां कसने की घटना होती है तो नजदीकी पुलिस थाना या कंट्रोल रूम में टेलीफोन के जरिए सूचित करें। जिससे उक्त मनचले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। आगे भी पुलिस द्वारा मनचलों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

सार-समाचार

गो-सेवकों ने दान पुण्य किया

श्रीराम नारायण गौशाला में नि:शुल्क गौमाता चेकअप कैम्प में गो-सेवा की गई ।

मालपुरा (निस) । सनातन धर्म में दान पुण्य के लिये सबसे बडा दिन माने जाने वाले मकर सक्रान्ति के पर्व पर मंगलवार को मालपुरा में गो-सेवकों ने बढ-चढकर दान पुण्य किया । गोपाल गौशाला सेवा समिति व श्रीराम नारायण गौशाला सेवा समिति में गौमाता की सेवा के लिये शहर में जगह-जगह गो-सेवा राशि संग्रह के लिये लगाये गये काउंटर पर पहुंचे । गौभक्तों ने दिल खोलकर गो-सेवा के लिये सहयोग दिया । रोटरी क्लब मालपुरा सीटी व मालपुरा ग्रीन सहित सेवा भारती समिति की और से काउंटरो पर गो-सेवा राशि समर्पण के लिये आमजन को प्रेरित किया। समर्पण राशि के साथ-साथ गुड व हरा चारा भी काउंटरों पर जुटाया गया। श्रीराम नारायण गौशाला ने बिमार व निराश्रित गोमाता की सेवा के लिये रोटरी क्लब मालपुरा सीटी एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क चेकअप कैम्प लगाया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अनिल परतानी,डॉ. आस्था जैन,रोटरी क्लब के ऐजी डॉ. अंकित कुमार जैन,डॉ. राजाराम शर्मा,केदार गुप्ता,सुनिल जैन सहित गौभक्तो ने अपनी सेवाऐं देते हुये गोमाता का नि:शुल्क उपचार किया। वही च्यवन गौड ब्राह्मण सेवा समिति की और से राजकीय जिला अस्पताल मालपुरा मे भर्ति रोगियो को फल वितरण कर जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। इस दौरान समाज अध्यक्ष रामप्रसाद कांदला,गिर्राज व्यास,सत्यनारायण गौरी,गिर्राज कांदला,रामराज,महावीर प्रधान सहित बडी संख्या मे मौजूद समाज बंधुओ ने किया फल वितरण।

बैठक 16 जनवरी को

कोटपूतली। राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई व जिला सतर्कता समिति की बैठक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में आगामी 16 जनवरी गुरूवार को प्रातरू 11 बजे पंचायत समिति कोटपूतली के वीसी कक्ष में आयोजित की जायेगी। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरण एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी।

ऊनी वस्त्र वितरित

निवाई। लायंस क्लब व एक निजी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा गरीब व असहाय महिला-पुरूषो को सर्दी से बचाव के लिए पैंट, शर्ट, सलवार सूट, साड़ी, बच्चों के लिए अध्ययन की सामठी, जूते, मौजे, टोपा, स्वेटर व जर्सी सहित अन्य सामठी का वितरण किया गया। इस दौरान क्लब के पदाधिकारियों ने टोंक रोड पर जनता कॉलोनी, डांगरथल रोड पर गाडिय़ां लोहार व कच्ची बस्ती सहित कई स्थानों पर असहाय लोगों को सर्दी से बचाव के लिए ऊनी वस्त्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक जैन, सचिव महेंद्र लावा, कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल जैन, डॉ. अवधेश जैन व सांवरमल सैनी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

मो. इस्लाम बने प्रदेशाध्यक्ष

मालपुरा (निस) सॉफ्टबॉल संघ प्रदेशाध्यक्ष के नवीन कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर उदयपुर मे आयोजित चुनाव प्रक्रिया मे मालपुरा निवासी मो. इस्लाम को संगठन का प्रदेशाध्यक्ष व मालपुरा निवासी मो.इम्तियाज को संगठन संयुक्त सचिव चुना गया। सॉफ्टबॉल संघ के प्रदेशाध्यक्ष व संयुक्त सचिव पद पर मालपुरा के दो पदाधिकारियो के निर्वाचित होने पर खेल जगत से जुडे खेल प्रेमियों व क्षैत्रवासियो ने दी बधाई।

पूर्व गृहमंत्री व्यास की मनाई पुण्य तिथि

मालपुरा (निस) राजस्थान के लौहपुरूष एवं पूर्व गृहमंत्री स्व. दामोदर लाल व्यास की मनाई पुण्य तिथि गई । व्यास सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम मे पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सुरेन्द्र व्यास, खादी बोर्ड सेवा समिति मालपुरा के अध्यक्ष रामबाबू व्यास, मंत्री रामरतन चौकायत, पुरूषोतम पटवारी सहित बडी संख्या में जुटे क्षेत्रवासियों ने दामोदर लाल व्यास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा रोड स्थित उप कारागृह में मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लक्ष्मीनारायण व श्री हरिहर सत्संग मंडली के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जेलर प्रेमप्रकाश मीणा ने कहा कि जो व्यक्ति अपने धर्म पर रहेगा वो ही धर्म व राष्ट्र रक्षा करेगा। इस दौरान सतीश शर्मा, शेरसिंह यादव, सुबराम शर्मा, बिल्लू, रोशन, अंतराम, संतु व सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हर्षोल्लास से मना मकर संक्रांति का पर्व

कोटपूतली। कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकटवर्ती ग्राम पूतली स्थित भगवान श्री देवनारायण मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्री देवनारायण मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान शिम्भू म्हासी एण्ड पार्टी मुसनौता, मक्खन म्हासी एण्ड पार्टी बंध की ढ़ाणी, लालचंद हरिराम बोपा नांगल लाखा द्वारा धमाल कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई। लोक कलाकारों ने महाभारत सहित विभिन्न कथानकों के माध्यम से समां बांध दिया। वहीं स्थानीय लोक संस्कृति को धमाल के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में श्रद्धालू जमकर झुम उठे। गायन में हंसी मजाक ने राजस्थान के तोरावाटी क्षेत्र की संस्कृति और मेल जोल को अभिव्यक्ति प्रदान की। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र से हजारों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व विधायक रामचंद्र , पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, पीसीसी महासचिव देव कसाना, गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज , मंदिर कमेटी अध्यक्ष पन्नालाल कसाना, उपाध्यक्ष सतीश गुरुजी, कानाराम गुर्जर, एड. दयाराम गुर्जर, उप प्रधानाचार्य रामावतार कसाना, सुरेश पटेल, बाबूलाल मास्टर, जिला पार्षद मंजू रावत, चंदाराम नेताजी, प्रो. भोमाराम, रामस्वरूप म्हासी, युवा नेता मुकेश कसाना, पार्षद रामकरण सूद, हेमराज राहेड़ा, हीरालाल सेठ पूतली, रामजीलाल, बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अपहर्ता की सूचना पर इनाम घोषित

श्रीमाधोपुर। आठ माह पूर्व श्रीमाधोपुर पुलिस थाने हल्के से विवाहिता का अपहरण कर ले जाने वाले अपहर्ता आरोपी पर पुलिस ने 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। थानाधिकारी जयसिंह बसेरा ने बताया कि थाना इलाके के महरौली गांव से आठ माह पूर्व 29 मई 2024 को रतनपुरा निवासी राजेन्द्र चौधरी एक विवाहिता का अपहरण कर ले गया था। जिसपर पुलिस ने पांच हजार का इनाम घोषित कर रखा था पुलिस ने आरोपी को काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। अपहर्ता घटना वक्त से लापता चल रहे है अपहर्ता आरोपी को जो कोई दस्तयाब करवायेगा या आरोपी व अपहर्ता की सही सूचना देगा उस व्यक्ति को पुलिस अधीक्षक जिला नीमकाथाना की ओर 20 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

'राष्ट्र को उंचाईयों पर पहुंचाने का काम करती है पत्रकार की कलम'

मालपुरा (निस) । शहर के गांधीपार्क पारसनाथ जैन मंदिर में विराजित जैन संत आचार्य सुन्दर सागर महाराज के पावन सानिध्य मे हुई पत्रकार वार्ता मे आचार्य ने पत्रकारो की शंकाओं का समाधान करते हुये पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवालों का अपनी औजस्वी ज्ञानरूपी वाणी से देते हुये आचार्य ने बताया कि पत्रकार की कलम में इतनी ताकत है कि एक सिपाही की बंदुक से निकली हुई गोली से भी तेज व समाज एवं राष्ट्र को नई उंचाईयो पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान होता है पत्रकार का । आचार्य ने कहा कि पत्रकार का जीवन संघर्ष पूर्ण जीवन है। उसे सच्चाई लिखने के लिये कई कठिन परिस्थितियों का सामना करना पडता है। सत्ता, सामाजिक संगठनों, मित्र व रिश्तेदारो सहित कई प्रशासनिक व राजनैतिक दबाव के बीच अपनी जान जोखिम डालकर संघर्ष करता हुआ अपनी लेखनी को इस तरह चलाता है की समाज के विकास व देश के विकास उसके द्वारा लिखी गई निष्पक्ष पत्रकारिता से समाज मे किसी प्रकार का आपसी भाईचारा नही बिगडे व सबको सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने की पे रणा देती है पत्रकार की निष्पक्ष लेखनी। महाकुंभ मे जैन संतो की उपस्थिति को लेकर पत्रकारो द्वारा पूछे गये सवाल पर महाराज श्री ने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म के साथ-साथ समाज मे सामाजिक सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने का प्रतीक है। आयोजन समिति द्वारा जैन संतो को आमंत्रण दिया जाये तो निश्चित महाकुंभ मे पहुंचते है जैन संत। पत्रकार वार्ता के दौरान महाराज श्री ने अपने जीवनकाल के बारे मे पूछे गये सवाल पर बताया कि 18 वर्ष की अल्प आयु बाल्यावस्था मे जब वो विहार कर रहै संतो के साथ चल रहै थे तो रास्ते मे एक शव यात्रा को देखकर उनके मन मे विचार आया कि एक मुर्दे को ले जाया जा रहा है। यह गति सभी मनुष्य की होनी है तो क्यों न मैं भी अपना मार्ग बदल लू। जिसके बाद उन्होने अपने जीवन की राह बदल डाली। सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने का मन मे संकल्प ले धर्म के प्रचार-प्रसार की राह पर चल पडे। जो आज आचार्य सुन्दर सागर महाराज के नाम से जाना व पहचाना जाता है।

किसी ने उड़ाई पतंग तो किसी ने कमाया पुण्य

निवाई । शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मकरसक्रान्ति के पर्व पर युवक-युवतियों में पतंगबाजी को लेकर देर शाम तक काफी उत्साह रहा। जिसके चलते पूरा आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से ढका हुआ रहा। दिनभर वो काटा, वो मारा की आवाजे सहित स्पीकरों की अवाजों से वातावरण गुंजायमान रहा। मंगलवार को सुबह सूर्योदय के साथ ही बालक छतों पर पहुंचकर पतंग उड़ाने में मशगूल हो गए। छतों पर लगे टेप, डेक व लाउड स्पिकरों सहित कई ध्वनि यंत्रों की आवाजों से शहर का माहौल गुंजायमान था। बच्चों के साथ बडे बुजुर्ग भी मकानों की छतों पर सुहानी धूप एवं चाय पकोड़ी सहित पतंगबाजी का लुत्फ उठाते हुए देखे गए। शहर के बड़ा बाजार, चौहटी बाजार, बिलाला मार्केट, गणगौरी बाजार, जमात, बस स्टेंड, अहिंसा सर्किल, पटेल रोड व झिलाय रोड सहित कई बाजारों में पतंगों की दुकाने सजी हुई थी।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा की

कोटपूतली। जिला स्तरीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा बैठक एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें एडीएम द्वारा इस वर्ष अधिक से अधिक ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करवाने के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिये गये। इसके लिये क्षेत्र में सभी स्वास्थ्य कार्मिकों को विभाग द्वारा निर्धारित सूचकांकों के अनुसार जिला स्तर पर रिपोर्टिंग करवाने के निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत द्वारा सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को क्षेत्र में ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने हेतु सर्वे कार्य प्रारम्भ करने एवं टीबी मरीजों को दी जाने वाली सहायता राशि को शत प्रतिशत ऑनलाईन करने के निर्देश दिये गये। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. जय भगवान यादव द्वारा ओपीडी में आने वाले तीन प्रतिशत मरीजों की टीबी की स्क्रीनिंग कर रोगियों का पूर्ण उपचार करवाने एवं समय पर फॉलोअप किये जाने के निर्देश दिये गये। जिला कार्यक्रम समन्वयक रविकांत जांगिड़ ने माँ आयुष्मान योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक ईकेवाईसी एवं आभा आईडी बनाने के बारे में जानकारी दी गई तथा चिकित्सा संस्थानों द्वारा गर्भवती महिलाओं की आयुष्मान योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक नि:शुल्क सोनोग्राफी हेतु वाउचर काटने के बारे में अवगत करवाया गया। माँ वाउचर योजना के अन्तर्गत प्रत्येक माह आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के दिन संस्था पर आने वाली गर्भवती महिलाओं की निरूशुल्क सोनोग्राफी हेतु अधिक से अधिक वाउचर काटने के बारे में अवगत करवाया गया। सीएमएचओ द्वारा सीनियर सिटीजन का आयुष्मान योजना में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सभी बीसीएमओ, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीएचएस व एसटीएस मौजूद रहे।

अनुष्ठान कल से

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में सोलह दिवसीय भक्तामर महामण्डल विधान का शुभारंभ 16 जनवरी से आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज एवं बालाचार्य निपूर्णनन्दी महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। जैन समाज के मीडिया प्रभारी विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि मंगलवार को सुबह विश्व में शांति की कामना और खुशहाली के लिए श्रद्धालु महावीरप्रसाद पराणा, राधेश्याम मित्तल, शंभु कठमाणा, ठान्थ पराणा, राजेश बनेठा व निर्मल चंवरिया सहित कई श्रद्धालुओं को भगवान शांतिनाथ की शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान सभी ने भगवान शांतिनाथ की पूजा अर्चना भी की। उन्होंने बताया कि विधानाचार्य पण्डित सुरेश के शास्त्री के निर्देशन में 16 जनवरी को सुबह ध्वजारोहण करके 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल विधान का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद प्रतिदिन गाजे बाजे के साथ संगीतकार मुकेश मीत एण्ड पार्टी महुवा के द्वारा विधान अनुष्ठान की पूजा अर्चना की जाएगी।

सुरेश चौधरी अध्यक्ष बने

कोटपूतली। अग्रवाल चौधरी संगठन समिति का 67 वाँ वार्षिक अधिवेशन समारोह मंगलवार को स्थानीय श्रीराम भवन परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी का गठन व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सभापति पुष्करमल चौधरी, अध्यक्ष योगेश शरण बंसल, विशिष्ठ अतिथि श्रीराम सभा समिति अध्यक्ष राकेश खजांची की उपस्थिति में मंत्री प्रमोद गुप्ता ने वार्षिक प्रतिवेदन, कोषाध्यक्ष राकेश खजांची ने आय-व्यय का ब्यौरा व श्मशान विकास समिति अध्यक्ष उत्तम बंसल व अमित कुमार बंसल ने समिति के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अधिवेशन में भामाशाह सीए राधेश्याम बंसल ने अपनी माताजी स्व. गीता देवी व पिताजी पूर्व प्राचार्य स्व. केदारमल बंसल की स्मृति में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व चाँदी का सिक्का एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इसके बाद संगठन की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। समाज के लोगों से सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढकर अपना योगदान देने का आह्वान किया गया। इसके उपरांत नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुरेश चौधरी, उपाध्यक्ष भारत बंसल, महामंत्री दीपक बंसल, सहमंत्री नितेश गुप्ता (डिम्पल), कोषाध्यक्ष सीए अमित कुमार बंसल को बनाया गया तथा रमेश किताबवाला, अशोक बंसल, संतोष शरण बंसल (बन्टी), संदीप बंसल, गोविंद शरण बंसल व प्रमोद बंसल को सदस्य के रूप में कार्यकारिणी में शामिल किया गया। वहीं श्मशान विकास समिति की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें उत्तम कुमार गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया तथा सदस्यों के रूप मे चार लोगों को शामिल करने का निर्णय अध्यक्ष पर छोड़ा गया। अन्त में सभापति पुष्करमल चौधरी ने धन्यवाद व अध्यक्ष योगेश शरण बंसल ने सभी का आभार जताते हुये अधिवेशन का समापन किया। इस दौरान दशरथ शरण, अमरनाथ जागिदार, ओमप्रकाश खजांची, बजरंग शरण बंसल, जितेन्द्र चौधरी, अनिल शरण बंसल, राजेश गुप्ता, अनुप बंसल, सुशील बंसल, घनश्याम बंसल, अदि उपस्थित रहे।

गौ माता के नाम भजन संध्या हुई

पीपलू। कस्बे की चंद्रवाटिका में सोमवार रात्रि को एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या की शुरुआत भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतापसिंह राजावत, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह राजावत, श्रवण जैन, गोपाल गर्ग, राजेश गौड़, विमल व विनोद जैन ने दीप प्रज्जवलन करते हुए किया। गायक कलाकार गजानंद सारण दूदू ने विनायक वंदना पेश करते हुए गौमाता संरक्षण, श्याम भजन, तेजाजी, भेरूजी, चारभुजा व भगवान श्रीरामजी के भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायक कलाकार गजानंद सारण ने इस पापी युग में गौमाता का कोई नहीं रखवाला, गोविन्दा, गोपाला, कलयुग में एक बार कन्हैया आ जाओ, सांवलिया सेठ, मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे व तेजल सिंगारी आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान लक्की ड्रॉ का आयोजन हुआ। जिसमें 5 मोटरसाइकिल सहित करीब 451 उपहार निकाले गए। इस दौरान एक गौ भक्त प्रभुदयाल पुत्र प्रहलाद शर्मा त्रिपाठी के लक्की ड्रॉ में बाइक व एलईडी टीवी विजेता बनने पर दोनों उपहार को गौशाला में ही समर्पित करते हुए 2100 रुपए अलग से दान किया है। कार्यक्रम में अरविन्द त्रिपाठी, बालकिशन शर्मा, दिनकर विजयवर्गीय, आशीष गुप्ता, गोरधन स्वर्णकार, शंकरलाल मीणा, मोहित व अभिषेक जैन आदि मौजूद रहे।

फुलेरा में पतंगबाजी के दौरान परिन्दे ने गवाया एक पैर

निशुल्क चिकित्सा शिविर में उपचार करते हुए डाक्टर ।

फुलेरा । कस्बे में मंगलवार को मकर संक्रांति के पर्व पर जहां आकाश में चारों ओर पतंगबाजी का दौर चल रहा था। वहीं बेज़ुबान परिन्दे ने चाइनीज मांझे से अपना एक पैर गवा दिया। उपरोक्त जानकारी देते हुए वन्यजीव व पर्यावरण संरक्षण मे कार्यरत संस्था वाइल्ड लाइफ करिएचर ऑर्गेनाइजाशन डब्ल्यूसीओ के संस्थापक ओमप्रकाश सैन पिंटी ने बताया कि संस्था के द्वारा स्थानीय नगर पालिका परिसर के बाहर तीन दिवसीय निशुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर लगाया है। उक्त शिविर के दौरान दूसरे दिन मकर संक्रांति पर आयोजित क्षेत्र में पतंगबाजी के दौरान एक जलीय पक्षी रेड वेटल्ड लेपविंग का पैर मांझे में उलझने की वजह से खून में लहू-लुहान हालत में सदस्यों द्वारा उपचार के लिए शिविर में लाया गया। इसके चलते पशु चिकित्सक द्वारा उसकी जांच की गई। जिसमें देखा गया कि उसका एक पैर मांझे में उलझने की वजह से उसके पैर की हड्डी पूरी तरह से टूटी होने की वजह से उसका पैर शरीर से अलग हो गया था। संस्था द्वारा आयोजित शिविर में उक्त घायल पक्षी का उपचार पशु-चिकित्सालय के चिकित्सक रामनिवास भटेश्वर (एलएसए), विष्णु जाजोटर (पीडीपी) व संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया।

वैदिक सत्संग का हुआ आयोजन

कोटपूतली। आर्य समाज कोटपूतली द्वारा खरकड़ी रोड़ स्थित वैदिक आश्रम में मकर संक्रांति पर्व पर मंगलवार को वैदिक सत्संग एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्माचार्य यशवीर शास्त्री ने बताया कि जो व्यक्ति प्रतिदिन यज्ञ करता है वह सात्विक, बलशाली तथा धन ऐश्वर्य वाला होता है। उन्होंने ईश्वर के सत, चित आनन्द स्वरूप, निराकार, सर्व शक्तिमान, सर्व व्यापक, सर्वज्ञ, दयालु, नयायकारी गुणों की व्याख्या करते हुये बताया की ईश्वर की उपासना करने से जीवन में आने वाले दुरूखों की निवृत्ति के साथ कामनाएं भी पूर्ण होती है। सभी को अपने जीवन में प्रतिदिन हवन तथा ईश्वरोपासन करनी चाहिये। आचार्य ने बताया कि 500 साल पहले कोई गुरुद्वारा नहीं था, 1400 साल पहले कोई मस्जिद नहीं थी, 2000 साल पहले कोई चर्च नहीं थी, तो वहीं 5000 साल पहले कोई मंदिर नहीं थे, उनके स्थान पर गुरुकुल हुआ करते थे। जिसमें श्रीराम व श्रीकृष्ण ने वेदाध्यन किया। उन्होंने बताया कि जब तक वेद के आदेशों की पालना होती थी तब तक यह देश राम राज्य था और अभी भी वेद की आज्ञाओं के पालन से ही पुनरू राम राज्य स्थापित हो सकता है। उन्होंने ईश्वर उपासना (मेडिटेशन) का अभ्यास भी करवाया। पानीपत से आये भजनोपदेशक पं. तेजवीर आर्य व शुभम आर्य ने आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद को याद करते हुये बताया कि महर्षि दयानंद ने कालखंड में वेदों का प्रचार किया, जब यहां की संस्कृति व वेद विद्या का हास हो रहा था।

अवैध माक पदार्थ के विरूद्ध कार्रवाई की

टोंक। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा अवैध मदाथ पदार्थो व तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उनियारा थाना क्षैत्र में अति.पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में उनियारा थाना पुलिस ने एक संदिग्धं वाहन से आरोपी सहित 48.420 ग्राम स्मैक, 16.640 ग्राम एम.डी.एम.ए, एक देशी कट्टा व एक शिफ्ट कार जप्त की है।

थानाधिकारी उनियारा रतन लाल ने बताया कि क्षैत्र के पलाई टोल के पास एक शिफ्ट कार को जाते देखा उसकी संदिग्धता देखते हुए पुलिस थाना उनियारा व अलीगढ जाप्ता ने वाहन में सवार युवक जुनैद पुत्र अमीन उम्र 28 साल निवासी वार्ड न. 1 माताजी रोड चौथ का बरवाडा जिला सवाईमाधोपुर के कब्जे से एक मादक पदार्थ व एक देशी कट्टा बरामद कर वाहन को भी जप्त किया गया। आरोपी जुनेद को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे एक दिन की पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया।

युवक को आजीवन कारावास की सजा : टोंक में पोक्सो एक्ट में नाबालिग से दुष्कर्म कर हत्या करने वाले युवक को पॉक्सो कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले में 5 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के छह साल पुराने मामले में पॉक्सो कोर्ट ने सोमवार को दोषी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही इसे बेहद गंभीर घटना बताते हुए न्यायाधीश मधुसूदन शर्मा ने इस हत्या के दोषी युवक की पड़ोसी मीना के खिलाफ भी कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट में सामने आया कि पड़ोसी लड़की दोषी युवक को अश्लील फिल्म दिखाती थी, इससे वह इस अपराध को अंजाम दिया था। जांच के दौरान अभियुक्त बाल अपचारी था और निवाई सदर थाना क्षेत्र का रहने वाला है, पुलिस ने जांच में तत्कालीन बाल अपचारी को दोषी माना। उसने ही मासूम से दुष्कर्म कर उसकी हत्या की थी। ऐसे में पुलिस ने उसके खिलाफ किशोर न्याय बोर्ड टोंक में चालान पेश किया। कुछ माह बाद बाल अपचारी व्यस्क होने पर इस केस को 9 अप्रेल 2024 को पोक्सो कोर्ट टोंक में ट्रांसफर कर दिया गया। 14 जनवरी 2025 को इस केस में निर्णय सुनाते हुए न्यायाधीश मधुसूदन शर्मा ने दोषी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ एक लाख 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।